DAY — **05**    SEAT NUMBER | | | | | | |

| 2025 | II | 15 | 1100 | **J-283** | (H) |
|---|---|---|---|---|---|

# ORGANISATION OF COMMERCE AND MANAGEMENT (51)

**Time : 3 Hrs.**    **(7 Pages)**    **Max. Marks : 80**

**सूचना :** *(१) सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।*

*(२) दाहिनी ओर के अंक प्रश्नों के पूर्णांक दर्शाते हैं।*

*(३) बायीं ओर के अंक प्रश्नों के क्रमांक दर्शाते हैं।*

*(४) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर नए पृष्ठ से आरंभ कीजिए।*

**प्र. १.** **(अ)** निम्नलिखित विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर विधानों को पुनः पूर्णतः लिखिए : **[२०]** (५)

(१) ________ को वैज्ञानिक प्रबंध का जनक कहा जाता है।

(अ) हेन्री फेयोल

(ब) एफ. डब्ल्यू. टेलर

(क) फिलिप कोटलर

(२) ________ समय उपयोगिता का निर्माण करते हैं।

(अ) गोदाम/भंडारगृह

(ब) परिवहन

(क) संचार

(३) व्यावसायिक यह समाज के ———— होते हैं।

(अ) प्रतिनिधि

(ब) सभासद

(क) विश्वस्त/न्यासी

(४) विपणि शब्द की उत्पत्ति ———— भाषा के शब्द 'मर्केटस' से हुई है।

(अ) फ्रेंच

(ब) लैटिन

(क) इतालवी

(५) क्षतिपूर्ति का सिद्धांत ———— बीमा पर लागू नहीं होता ।

(अ) जीवन

(ब) सामुद्रिक

(क) अग्नि

**(ब)** निम्नलिखित वाक्यों के लिए उचित शब्द/ संज्ञा/ वाक्यांश लिखिए। (५)

(१) 'सही व्यक्ति की सही पारिश्रमिक सहित सही कार्य' पर नियुक्ति करना।

(२) ऑनलाईन लेन-देन/व्यवहार का पहला चरण।

(३) लाभ के उद्देश्य से प्रेरित होकर किया गया कार्य।

(४) वस्तु या सेवा का उपभोग लेने वाला।

(५) किसी वस्तु या उत्पाद को विशिष्ट नाम प्रदान करना।

**( क )** निम्नलिखित विधान सही हैं या गलत, लिखिए : (५)

(१) प्रबंध का प्रत्येक कार्य नियोजन पर आधारित नहीं होता है।

(२) ई-व्यवसाय वैश्विक स्तर पर किसी भी क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्रदान करता है।

(३) व्यावसायिक नीतिशास्त्र एक आचार संहिता है।

(४) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम उत्पादक को सुरक्षा प्रदान करता है।

(५) वायु परिवहन सबसे सस्ता परिवहन का साधन है।

**( ड )** गुट से बेमेल शब्द खोजिए : (५)

(१) जिला आयोग, राज्य आयोग, गैर सरकारी संगठन, राष्ट्रीय आयोग

(२) नाबार्ड, आर.बी.आई., सिडबी, एक्ज़िम

(३) डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, ए.टी.एम. कार्ड

(४) लेखन, नियोजन, संगठन, नियुक्तिकरण

(५) कीमत, व्यक्ति, विक्रय वृद्धि, उत्पाद

**प्र. २.** **निम्नलिखित अवधारणा/ संज्ञा स्पष्ट कीजिए ( कोई चार ) :** **[८]**

(१) कार्य अध्ययन

(२) नियंत्रण

(३) करदेय गोदाम

(४) उपभोक्ता संरक्षण

(५) ई-मेल

(६) समन्वय

**प्र. ३.** **निम्नलिखित प्रसंग / परिस्थिति का अध्ययन करके अपना मत स्पष्ट कीजिए ( कोई दो ) :** **[६]**

**( १ )** श्री शरद एक व्यावसायिक हैं, और उनके पुणे एवं नासिक में कारखाने हैं। श्री शरद अपने परिवार सहित पुणे में स्थायिक हैं, तथा उनकी ५ एवं ८ वर्ष की दो बेटियाँ हैं।

(अ) क्या श्री शरद उनकी पत्नी और दो बेटियों का जीवन बीमा करा सकते हैं?

(ब) क्या श्री शरद अपने कारखाने का सामुद्रिक बीमा करा सकते हैं?

(क) अग्नि के कारण कारखाने की होने वाली हानि क्षतिपूर्ति के लिए श्री शरद कौन-से प्रकार का बीमा करा सकते हैं?

**( २ )** श्री सुरेश ने धनादेश द्‌वारा भुगतान किया और उसी समय श्री सक्षम ने मुद्रा स्थानांतरण प्रणाली द्‌वारा भुगतान किया है। इस स्थिति में -----

(अ) किसने भुगतान शीघ्र प्रणाली से किया है?

(ब) किसकी भुगतान प्रणाली परंपरागत व्यवसाय से संबंधित है?

(क) किसकी भुगतान प्रणाली ई-व्यवसाय से संबंधित है?

**( ३ )** रंग उत्पादन करने वाले एक संगठन ने कई वर्षों से बाज़ार में अग्रसर स्थान प्राप्त किया है। प्रक्रियारहित विषैले अपशिष्ट पदार्थ, वे नदी तट पर फेंक देते हैं, जिसके कारण आसपास के ग्रामों में अनेक स्वास्थ्य विषयक समस्याएँ उत्पन्न हुई हैं।

(अ) रंग उत्पादन संगठन द्‌वारा कौन-से स्वरूप के दायित्व की अनदेखी की गई है?

(ब) वे कौन-से प्रकार का प्रदूषण कर रहे हैं?

(क) रंग उत्पादन करने वाले संगठन को किस प्रकार का एक सावधानी का उपाय करना आवश्यक है?

**प्र. ४. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए (कोई तीन) :** **[१२]**

(१) सड़क परिवहन एवं जल परिवहन

(२) जीवन बीमा एवं अग्नि बीमा

(३) संगठन एवं नियुक्तिकरण

(४) जिला आयोग एवं राज्य आयोग

**प्र. ५.** **निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त में उत्तर लिखिए (कोई <u>दो</u>) :** **[८]**

(१) हेन्री फेयोल के 'प्रबंध' के कोई भी चार सिद्धांत स्पष्ट कीजिए।

(२) ग्राहकों के कोई चार उत्तरदायित्व स्पष्ट कीजिए।

(३) विपणन (marketing) के कोई भी चार कार्य स्पष्ट कीजिए।

**प्र. ६.** **निम्नलिखित विधान कारण सहित स्पष्ट कीजिए ( कोई <u>दो</u> ) :** **[८]**

(१) संगठन संस्थाओं के प्रशासनिक एवं व्यावसायिक कार्यों को सुलभ करता है।

(२) ग्राहक संरक्षण में ग्राहक संगठनों एवं अशासकीय संस्थाओं की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है।

(३) परंपरागत व्यवसाय की अपेक्षा ई-बिज़नेस की स्थापना करना अधिक सरल है।

(४) व्यवसाय के प्रति समाज की अपेक्षाओं में परिवर्तन हो रहा है।

**प्र. ७.** **निम्नलिखित प्रश्नों को हल कीजिए ( कोई <u>दो</u> ) :** **[१०]**

(१) उद्यमी के कार्य स्पष्ट कीजिए।

(२) विपणन का ग्राहकों के प्रति महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

(३) प्रबंध के सिद्धांतों के स्वरूप/प्रकृति स्पष्ट कीजिए।

**प्र. ८.** **निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लिखिए ( कोई <u>एक</u> ) :** **[८]**

(१) विपणन मिश्रण क्या है? इसके ७ पी (7Ps) तत्त्व स्पष्ट कीजिए।

(२) बैंक क्या है? व्यावसायिक बैंकों के प्राथमिक कार्य विस्तार से स्पष्ट कीजिए।

◆◆◆